प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मार्ट विकसित नगर पालिका योजना शुरू करने के दिये निर्देश : सुरक्षा और शिकायत निवारण की मिलेगी आधुनिक सुविधा।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आज ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने की मुलाकात : शुभांशु के 25 अगस्त को प्रस्तावित लखनऊ आगमन को लेकर भव्य स्वागत की तैयारियां तेज।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों को पकड़ने और उन्हें आश्रय स्थल भेजने के अपने पूर्व निर्देशों में किया संशोधन। और
4. युवाओं को प्रशिक्षित और कुशल बनाने के लिये प्रदेश को छह जोन में बांटकर खोले जायेंगे ट्रेनिंग सेंटर।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*आज नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट–विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक–केंद्रित स्वरूप में विकसित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पर शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को हब–एंड–स्पोक मॉडल पर लागू किया*

*जा सकता है। इससे नगर पालिकाओं को सुरक्षा, निगरानी और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं में आधुनिकता मिलेगी तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

बैठक में मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित करने और इसके लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी शीघ्र तैयार करने का कहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने लखनऊ में शहीद चंद्रशेखर आज़ाद अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज एवं बहुउद्देश्यीय खेल परिसर की स्थापना के भी निर्देश दिए।

__________

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने राष्ट्रपति के साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर और ग्रुप कैप्टन पुण्य श्लोक बिस्वाल, इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन और मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक दिनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने पूरी टीम को भविष्य के प्रयासों, विशेषकर गगनयान मिशन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं।

शुभांशु शुक्ला के 25 अगस्त को लखनऊ आना प्रस्तावित है। उनके आगमन को लेकर राजधानीवासी काफी उत्साहित हैं। शुभांशु शुक्ला के भव्य स्वागत के लिये महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लखनऊ नगर निगम शहर के प्रमुख

स्थानों पर स्वागत द्वार बनायेगा, जिससे पूरे शहर में इस ऐतिहासिक गौरव का उत्सव मनाया जा सके। वहीं जनेश्वर मिश्रा पार्क से सुबह साढ़े नौ बजे विशाल विजय यात्रा भी निकाली जायेगी।

लखनऊ के जिस स्कूल से शुभांशु शुक्ला ने शिक्षा ग्रहण की है, वहां के प्रबंधन द्वारा गोमतीनगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, विद्यालय की डीन सुषमा राजकुमार ने बताया कि शुभांशु छात्र–छात्राओं के साथ संवाद भी करेंगे। बाइट.....

*बच्चे बहुत एक्साइटेड है तो बच्चे स्वागत के लिए रेडी है। एयरपोर्ट पे थोड़े बच्चे जाएंगे उनको रिसीव करने सोमती नगर के विस्तार में जो हमारा ऑडिटोरियम है वहां पर हम उनका स्वागत करेंगे। बीच में बच्चे रोड पे उनको वैट करेंगे उनका। अच्छे से स्वागत करेंगे और बंद होगा, स्कूल बैस होगा, फ्लैग मार्च होंगे, वो सब होंगे पर अच्छे से वेलकम करके हम उनको ऑडिटोरियम में बिठाएंगे, उनका स्वागत होगा और वो बच्चों से इंटरैक्ट करेंगे और उनसे इंस्पिरेशन लेंगे।*

वहीं उनकी मां आशा देवी ने अपने बेटे के घर वापसी पर खुशी व्यक्त की है। बाइट....

*फोन से ही बात हो रही है सामने से मुलाकात और पच्चीस को आएँगे उससे तभी होगी हमारी।*

———————————

सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनके पुनर्वास से जुड अपने पूर्व निर्देशों में संशोधन किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की

पीठ ने निर्देश दिया कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उनके इलाके में छोड़ दिया जाना चाहिए। रेबीज से संक्रमित या आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को नहीं छोडा जाएगा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों को भोजन देने के लिए अलग से जगह बनाई जाएं और सार्वजनिक रूप से भोजन न दिया जाए। पीठ ने आवारा कुत्तों पर एक अखिल भारतीय नीति बनाने के लिए सभी केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य सरकारों का पक्षकार बनाया है।

——————————

संसद के मॉनसून सत्र में केंद्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 पारित किया है। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने और हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया है। इस बिल के पास होने पर समाज के सभी वर्गों ने खुशी जताई है। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डी.आर. साहू ने कहा कि सरकार ने सही समय पर यह कदम उठाया है, जो समाज को एक सकारात्मक दिशा में ले जाएगा। बाइट.....

*युवा वर्ग खास तौर पर और जो भी लोग इसमें जुड़ जाते हैं वो एक प्रकार की नशा हो जाता है। इसको रोकने के लिए सरकार की जो नियम*

*स्वागत योग्य है क्योंकि समाज में नियम जो है जो रूल्स ऑफ लॉ एस्टेब्लिश होता है तो उससे एक पाबंदी लगती है तो उस पाबंदी जो है वो सही समय पर लगा है और उसकी दुरूपयोग न हो और उससे हमारे युवा वर्ग और जो भारत एक विकसित भारत के रूप में पूरे विश्व में अपने को मजबूत करने की बात करते हैं तो इस तरह की डिस्ट्रैक्शन इस तरह की जो जो चीजें हैं जिससे कि हम विपथगामी न हो ये एक भारत के भविष्य के लिए स्वागत योग्य है।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

गौतमबुद्धनगर में आज प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये रोजगार मिशन इण्डस्ट्रीज कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर  शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है कि राज्य में अधिक निवेश आये और इसके लिए उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि प्रदेश में

उद्योग लगाने पर उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। अनिल राजभर ने कहा कि सरकार युवाओं को प्रशिक्षित करने और कुशल बनाने के लिये योजना बना रही है। मीट में विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ जिले के निजी विश्वविद्यालयों और कालेजों ने प्रतिभाग किया। बाइट....

*जब उत्तर प्रदेश में सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराई तो रिकॉर्ड साढ़े सैंतीस लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव और आधे से ज्यादा प्रस्ताव को जमीनी धरातल पर उतारने में सरकार को सफलता भी मिली है। अभी उत्तर प्रदेश को छः जोन में बांटकर हम ट्रेनिंग सेंटर बनाने जा रहे हैं और जिस तरह की भी आपकी डिमांड है हम अपने नौजवानों को उस तरह से तैयार करने का हमारा विभाग उसपे प्रयास करने का है।*

————————

प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अमरोहा में 62 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। इन ग्राम पंचायतों में 132 मरीज़ पूरी तरह स्वस्थ हो गये हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह ने बताया कि 100 ग्राम पंचायतों को और टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही पूरा ज़िला टीबी मुक्त हो जाएगा।

————————

इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल तरीके से अवैध रोहिंग्या बांग्लादेशी और अन्य विदेशी नागरिकों के लिये भारतीय आधार जैसे अन्य पहचान दस्तावेज तैयार करने वाले

अतंर्राज्जयीय गिरोह के मुख्य सरगना सहित 8 सदस्यों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने आज लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि यह गिरोह उत्तर पदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, दिल्ली—एनसीआर, राजस्थान, महाराष्ट्र और हरियाणा सहित अन्य राज्यों में सक्रिय था।

——————————

लखनऊ की हॉकी खिलाड़ी मुमताज खान का चयन अगले माह चीन में महोने वाले महिला एशिया कप की टीम में हो गया है। हॉकी इंडिया की ओर से 20 सदस्यीय टीम में चुने जाने पर उन्होंने कहा कि उनका मकसद टीम को हॉकी वर्ल्ड कप के लिये क्वालीफाई कराना है।

——————————

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज हल्की से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आगामी पचीस अगस्त तक कहीं—कहीं भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। लगातार होने वाली बारिश से अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस के क्रमिक गिरावट की भी संभावना है। इस बीच, बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य की कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, बाराबंकी, अयोध्या तथा बलिया में घाघरा नदी

और मथुरा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

(समाप्त)